हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 अक्टूबर 2025



06 खेतों में कटकर पड़ी फसलें, भिगने से दाना ...



09 सोयाबीन पंजीयन के शेष रहे किसानों का शीघ्र पंजीयन...



## खबर संक्षेप

### ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर करें आवेदन

**नर्मदापुरम।** कृषि कार्य को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए समय-समय पर नए-नए प्रयोग किए जाते रहे हैं। नवीन तकनीकों का उपयोग कर एवं वैज्ञानिक कृषि यंत्रों के माध्यम से खेती में बचत की अवधारणा को विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में खेती के लिए उपयोग होने वाला यंत्र सुपर सीडर किसानो के लिए बचत का माध्यम बन चुका है। 'सुपर सीडर' का उपयोग खेत की पराली जलाने की आवश्यकता को समाप्त कर देता है और फसल अवशेष को मिट्टी में मिला देता है, जिससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है।

### नाबालिग को ले जाने वाले को भेजा जेल

**माखननगर।** विकासखंड के ग्राम की नाबालिग के पिता ने अज्ञात द्वारा बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी टी आई मदनलाल पवार ने बताया प्रकरण को विवेचना में लेकर पुलिस ने कॉल डिटेल्स के आधार पर नाबालिक को इंदौर से दस्तेआब किया है एवं आरोपी गोविंद उर्फ़ छोटेलाल यादव निवासी ग्राम पाटनी को धारा 137 ( 2) बी एन एस मैं प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## आदिवासी समाज ने पुलिस पर लगाया आरोप, थाने पहुंच बोले हो निष्पक्ष जांच

# मामूली सी बात पर आदिवासी परिवार के बीच हुआ खूनी संघर्ष, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बगलोन गांव में घास के गड्ढे को लेकर यादव और आदिवासी परिवार के लोगों में खून खराबा हुआ। दोनों परिवार के बीच लाठी और डंडे से एक-दूसरे पर हमले हुए। आदिवासी परिवार ने बाहर से गुंडे बुलाकर मारपीट करने की बात कही। घटना में एक पक्ष के बुजुर्ग दंपती, एक युवक और दूसरे पक्ष के दो व्यक्ति घायल हुए। विवाद के दौरान आदिवासी परिवार के लोगों ने मारपीट करने आएं एक युवक पारस यादव धुरगाड़ा को रस्सी से बांधकर पीटा और पुलिस को बुला लिया। मामले में माखननगर थाना पुलिस ने आदिवासी परिवार की तरफ से एक मात्र शिवदत्त यादव के खिलाफ केस दर्ज किया। दूसरे पक्ष में विशाखा यादव की तरफ से पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। एफआईआर में एक मात्र आरोपी बनाने से आदिवासी समाज माखननगर थाना पुलिस से नाराज है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के राजनैतिक दबाव में एक ही व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। समाज के लोगों ने शनिवार को माखननगर में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मारपीट करने वाले ओर लोगों को आरोपी बनाने की मांग की।

शनिवार को समीपस्थ ग्राम बगलौन में दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ जिसमें लोगों को चोटे आईं है।



### मामूली सा विवाद खूनी संघर्ष में बदला

घायल रमेश उईके, दीपावली के एक दिन पहले मेरे मेरे बेटों ने घास काटकर लेकर और घास के गट्ठे घर के सामने सड़क पर रख दिया। शिवदत्त यादव ने बिना पूछे उठाकर गाय के सामने डाल दिया। जब मेरे बेटे राजू ने शिवदत्त के घर जाकर पूछा तो उसने राजू की कालर पकड़ ली। इस बीच दोनों के बीच बहस हो गई लेकिन मामला शांत हो गया था। 23 अक्टूबर की रात को जब हम खाना खा रहें थे, तब शिवदत्त 7,8 लोगों को लेकर डंडे और लाठी के साथ झगड़े के इरादे से आया। घास के गड्ढे वाले बात को लेकर जातिसूचक गालियां दीं। फिर रमेश उईके ने जब गाली देने से मना किया तो शिवदत्त ने लाठी से रमेश पर हमला कर दिया।

### बुजुर्ग महिला के साथ हुई मारपीट

बचाव करने आई उसकी पत्नी रमलाबाई, राजू और उसकी माया बाई पर सभी ने लाठी डंडे से हमला किया। झगड़े के दौरान बचाव में रमेश का बेटा और अन्य लोग आएं तो हमला करने वाले भाग निकले। एक युवक पारस को पकड़ लिया और पुलिस के आने तक रस्सी से बांधे रखा। हमले में रमेश को सिर, पीठ, रमला बाई को सिर और राजू को हाथ के पंजे में चोट आई। रमेश उईके का कहना है कि हमारे ऊपर 7, 8 लोगों ने हमला किया। जिसके मोहल्ले के कई लोग गवाह है। पुलिस ने शिवदत्त को ही आरोपी बनाया। जबकि एक युवक पारस यादव को हमने पुलिस के हवाले किया।

### आरोपियों पर मामला हुआ दर्ज

दूसरे पक्ष से फरियादी विशाखा यादव का कहना है कि 23 अक्टूबर की रात 8 बजे हम घर पर थे। तब गांव के के अमित उईके, राजू उईके, अभिषेक उईके, शैलेन्द उईके, दीपक उईके आएं। घास के गड्ढे को लेकर दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर झगड़ा करने लगे। गाली देने से मना किया तो अमित ने मेरे ऊपर डंडे से हमला कर दिया। बचाव करने पारस यादव आया तो उस पर भी डंडे से हमला किया। पारस के बाएं हाथ और दोनों पैरों में चोट आई। मामले में अमित उईके, अभिषेक उईके, राजू उईके, शैलेन्द्र उईके और दीपक उईके के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया।

## केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री पारिवारिक दौरे पर जिले में आए

### एसटीआर पहुंचकर जंगल सफारी का लिया आनंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शनिवार को अपने निजी दौरे पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंचे हैं। वे यहां परिवार सहित दो दिन रुककर जंगल सफारी करने आए हैं। वे शनिवार दोपहर 3 बजे नागपुर से धपाड़ा पहुंचे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री डीडी उईके और घोड़ा डोंगरी विधायक गंगाबाई उइके ने उनका स्वागत किया। वे यहां चूरना के समीप बने तथास्तु रिसॉर्ट में रुके हैं।

धपाड़ा पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री डीडी उईके, घोड़ा डोंगरी विधायक गंगाबाई उइके और एसटीआर फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद गडकरी जिप्सी में बैठकर मल्लापुर बीट में जंगल सफारी के लिए रवाना हुए। वहीं दो घंटे की इवनिंग जंगल सफारी करने के बाद गडकरी धपाड़ा स्थित तथास्तु रिसॉर्ट पहुंचे। जिप्सी में केंद्रीय मंत्री गडकरी के अलावा उनकी पत्नी, फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा समेत अन्य मौजूद रहे।

सफारी पर जाने से पहले केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भीमकुंड गेट पर बोरी सहायक संचालक विनोद वर्मा से एसटीआर चूरना, बोरी और जंगल सफारी के बारे में जानकारी भी ली।केंद्रीय मंत्री गडकरी को जंगल सफारी के दौरान बायसन, चीतल और हिरण के दीदार हुए, लेकिन उन्हें टाइगर नहीं दिखा। बताया जा रहा है कि उनकी फैमिली एक दिन पहले से आई हुई है और उन्हें बाघ के दीदार हुए हैं।

## वार्ड 8 में डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता 26 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 8 के युवाओं द्वारा बीसीसी क्लब के तत्वावधान में डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रविवार, 26 अक्टूबर को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पीपल मोहल्ला स्थित हाईस्कूल मैदान पर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी।

प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और आपसी एकता को बढ़ावा देना है। आयोजन को सफल बनाने में नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पशुपतिनाथ धाम मंदिर समिति अध्यक्ष मेहरबान सिंह चौहान, तथा वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया का विशेष सहयोग रहेगा।

आयोजन समिति के अनुसार जिले सहित अन्य शहरों की विभिन्न क्षेत्रों की टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि

विजेता टीम को 11,000 रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 5,500 रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने पुलिस अधीक्षक से अवैध गतिविधियों को लेकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा से भेंट की। इस दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नर्मदापुरम क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री, जुआ और सट्टे जैसी अवैधानिक गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। राज्यसभा सांसद ने पुलिस अधीक्षक से इन सभी मामलों में कड़ी कार्रवाई कर अवैध कारोबार पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश



दिए। उन्होंने कहा कि "मां नर्मदा की इस पावन नगरी नर्मदापुरम में सभ्य नागरिक रहते हैं, इसलिए यहां किसी भी प्रकार की अनैतिक या अवैधानिक गतिविधि संचालित नहीं होना चाहिए।" इस अवसर पर रूपेश राजपूत, विकास नारोलिया, राजेश तिवारी, दीपक माहला, सुमित गौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार जैन ने किया कन्या छात्रावास सोहागपुर का निरीक्षण, बांटी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास सोहागपुर, नर्मदापुरम में नायब तहसीलदार श्रीमती नीरू जैन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। छात्रावास में वर्तमान में 50 छात्राएं निवासरत हैं, जिनमें कुछ छात्राएं अनुसूचित क्षेत्र से आती हैं।

जैन ने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी दिनचर्या, पढ़ाई तथा आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने बताया कि पुरानी खेल सामग्री के कारण वे खेलकूद गतिविधियों में भाग नहीं ले पा रही थीं, जबकि पढ़ाई के साथ-साथ उनकी खेलों में भी गहरी रुचि है।



छात्राओं की बातों को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार नीरू जैन ने उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए छात्रावास की छात्राओं को उनकी रुचि अनुसार नई खेल सामग्री प्रदाय की। सामग्री प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

## टैगोर पब्लिक स्कूल की छात्रा रुचिका कुशवाहा का राज्य स्तरीय हॉकी टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर के प्रतिष्ठित टैगोर पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी रुचिका कुशवाह ने खेल जगत में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य स्तरीय हॉकी टीम में स्थान प्राप्त किया है। रुचिका का चयन आगामी 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

रुचिका के इस चयन से पूरे सिवनी मालवा में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों एवं शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। विद्यालय की प्राचार्य दीपाली अवस्थी ने कहा कि



रुचिका का चयन हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उसने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। हमें विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर भी सिवनी मालवा का नाम रोशन करेगी

वहीं विद्यालय के संचालक प्रवीण अवस्थी ने रुचिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "यह सफलता समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। खेलों के प्रति रुचिका की लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।" खेल शिक्षक श्याम सर, हॉकी कोच रवि हरदुआ, नारायण बावरिया एवं सिवनी मालवा के समस्त खेल शिक्षकों ने भी कुमारी रुचिका कुशवाह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रुचिका ने कहा कि वह इस अवसर को अपने शिक्षकों और माता-पिता के आशीर्वाद से मिली प्रेरणा का परिणाम मानती हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिवनी मालवा की यह बेटी अब ग्वालियर के मैदान में अपने खेल कौशल से जिले का परचम लहराने को तैयार है।

## शहर से लगे ग्राम सनखेड़ा में मिला मजदूर का शव, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के ग्राम सनखेड़ा के पास शुक्रवार शाम 7 बजे 40 वर्षीय मजदूर नरेंद्र सिंह मृत अवस्था में पाया गया। मृतक पंजाब के फतेहगढ़ का रहने वाला था और धान काटने की मजदूरी के लिए नर्मदापुरम आया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस को मृतक के साथियों ने बताया कि नरेंद्र सिंह शराब पीने का आदी था। गुरुवार शाम को वह प्रशांत मेहतो के खेत में गया था और शुक्रवार सुबह तक वापस नहीं आया। शाम को करीब 7 बजे खेत और नहर किनारे घास पर उसका शव पड़ा मिला।

### आदतन शराबी था मृतक

रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि घटना के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नरेंद्र सिंह न केवल पंजाब से मजदूरी करने आया था, बल्कि शराब की आदत भी थी। इस कारण पुलिस यह भी देख रही है कि मौत शराब पीने या किसी अन्य कारण से हुई है। घटना स्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

## नरवाई जलाना हुआ प्रतिबंधित, दीवार लेखन से किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को नरवाई/पराली (फसल अवशेष) जलाने के दुष्प्रभावों एवं उसके वैकल्पिक वैज्ञानिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी देने हेतु व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने की प्रक्रिया भूमि की उर्वरता को नष्ट करने के साथ-साथ पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और जलवायु पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। इसी कारण किसानों को पराली जलाने के बजाय उसका वैज्ञानिक प्रबंधन




करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वॉल पेंटिंग एवं दीवार लेखन के माध्यम से "नरवाई ना जलाएं" का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। पंचायत भवनों, प्रमुख दीवारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूकता स्लोगन लिखे जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इस पहल से जुड़ सकें। इसके साथ ही ग्राम कोटवारों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से किसानों को नरवाई के उचित प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।

## लाली सलूजा वैशाली विहार के चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने परमजीत सिंह लाली सलूजा को बिहार विधानसभा चुनाव मे 125 वैशाली का पर्यवेक्षक बनाया है।



कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग मे विभिन्न पदों पर रहते हुए लाली परमजीत सलूजा द्वारा लगातार पार्टी हित मे कार्य करते हुए उन्हें सौपे गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया गया हैं। इसी क्रम मे पार्टी ने पुनः लाली पर विश्वास दिखाते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौपा हैं। लाली सलूजा को पार्टी द्वारा जताये गए इस विश्वास पर उनके शुभचिंतको ने उन्हें बधाई देते हुए अल्पसंख्यक राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के प्रति आभार जताया हैं। आभार और बधाई देने वालों में ओम पटेल जिला नर्मदापुरम संगठन प्रभारी, सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया, हरभजन सिंह सलूजा, मोहम्मद हनीफ खान, ग़जानन तिवारी सहित अन्य शामिल हैं।

## पचमढ़ी में सैलानियों ने डाला डेरा, मौसम का ले रहे आनंद

# मौसम ने ली करवट, फिर छाये बादल, जिले में हो सकती है बारिश, दिन और रात के तापमान में आया अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में शनिवार सुबह से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में बादल छाए रहने से पूरे दिन धूप नहीं निकल पाई। हल्की ठंडी हवाओं और नमी भरे मौसम के कारण वातावरण में ठंडक महसूस हुई। दिनभर मौसम का स्वरूप कुछ हद तक बारिश के सीजन जैसा दिखाई दिया। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे लोगों को सूरज की किरणें देखने को नहीं मिलीं।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

मौसम विभाग के अनुसार, जिले में शनिवार और रविवार को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अरब सागर की ओर से आ रही नमी और लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश सहित



नर्मदापुरम में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की स्थिति बनी है। यह स्थिति अगले तीन से चार दिनों तक बनी रह सकती है। इस दौरान कहीं-कहीं पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है।

### तापमान में आया अंतर

बदलते मौसम का असर रात के तापमान पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पिछले चार दिनों में रात के न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 21 अक्टूबर को जहां रात का तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस था, वहीं 25 अक्टूबर को यह बढ़कर 23.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे साफ है कि रातें अब पहले की तुलना में गर्म हो रही हैं।

### पचमढ़ी का मौसम हुआ सुहावना

बदलते मौसम ने एक बार फिर पचमढ़ी का मौसम सुहाना कर दिया। जहां लोगों को दो दिन पहले ठंड का अहसास हुआ था वहीं अब छाए बादलों ने फिर सैलानियों को आकर्षित किया। दूसरी ओर पचमढ़ी घूमने पर्यटकों का समूह पचमढ़ी पहुंच रहा है।

## वीडियो के माध्यम से बताए तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दंत चिकित्सा विभाग द्वारा शैक्षिक वीडियो के माध्यम से लोगों को तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लैपटॉप के माध्यम से प्रसारित वीडियो द्वारा लोगों को धूम्रपान और धूम्ररहित तम्बाकू, निष्क्रिय धूम्रपान, तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया गया। प्रतिभागियों को कोटपा अधिनियम (COTPA Act) की जानकारी दी गई तथा तम्बाकू सेवन छोड़ने के उपाय और तम्बाकू छोड़ने के बाद शरीर में होने वाले सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया गया।

## खबर संक्षेप

### किसानों को 5 रुपए में उपलब्ध कराए जा रहे कृषि संयोजन

**बैतूल।** मप्र शासन के निर्देशानुसार विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किसानों को कृषि संयोजन मात्र 5 रूपए में जारी किए जा रहे है। जिससे आगामी रबी सीजन में किसानों को अस्थाई संयोजन की भारी भरकम राशि जमा करने से राहत मिलेगी। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. बैतूल व्रत प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में बैतूल वृत के तीनों संभाग अंतर्गत 7388 नंबर नवीन कृषि पंप संयोजन जारी किए गए है। साथ ही घरेलू संयोजन भी 5 रूपए में जारी किए जा रहे है। जिसमें अभी तक 5703 नंबर नवीन घरेलू संयोजन, इस प्रकार कुल 13091नंबर जारी किए जा चुके है। कंपनी द्वारा किसानों से अपील है कि अपने नजदीकी वितरण केंद्र में संपर्क कर 5 रूपए में घरेलू और कृषि संयोजन करवाए। आवश्यक सूचना उपभोक्ता यह है कि बिना किसी संयोजन के अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिसके एवज में एक भारी भरकम क्षतिपूर्ति राशि चुकाना पड़ सकता हैं, अथवा न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जिसकी राशि समयावधि में भुगतान नहीं करने पर सजा का प्रावधान भी हैं। इसलिए अपने नजदीकी वितरण केंद्रों में पहुंचकर वैध स्थाई, अस्थाई संयोजन, सहज सरल बिजली कनेक्शन योजना के तहत कराकर योजना लाभ उठाएं।

### सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आज

**बैतूल।** सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में आज रविवार सप्त शक्ति संगम का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया है। इस संबंध में सप्त शक्ति संगम की जिला संयोजिका रश्मि साहू ने बताया कि भारतीय नारी मात्र एक व्यक्ति नहीं अपितु एक सम्पूर्ण चेतना है, जो परिवार की आधारशिला समाज की प्रेरणा और राष्ट्र की आत्मा है। भारतीय महिला के भीतर ऐसे अन्तर्निहित गुण विद्यमान हैं जो बाहरी दिखावे से परे होते हुए भी उसे महत्वपूर्ण बनाते हैं, वह घर परिवार की मर्यादाओं की रक्षक, समाज निर्माण की पथप्रदर्शक के साथ माता, पत्नी, बहन, बेटी के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में कर्तव्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करती है। श्रीमती साहू ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक माताओं और बहनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### दिव्यांग ने जहर खाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** आमला थाना क्षेत्र के तोरणवाड़ा गांव में एक दिव्यांग अधेड़ ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान मुंशी पिता मिश्री बिजवे (50) निवासी तोरणवाड़ा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मुंशी बचपन से ही दोनों पैरों से दिव्यांग था और अविवाहित था। वह अपने बड़े भाई कलीराम के साथ रहता था। गुरुवार रात वह शराब पीकर घर लौटा और कुछ समय बाद उसे उल्टी होने लगी। परिजनों ने उसे तत्काल आमला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर बैतूल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसने क्यों जहर खाया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में मृतक का पीएम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, कृषि विभाग की सलाह, किसान दर्ज कराएं शिकायत

# खेतों में कटकर पड़ी फसलें, भिगने से दाना काला होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अनेक खेतों में फसल कटी पड़ी हुई है, ऐसे में बारिश फसल के लिए आफत बन गई। हालात यह है कि आए दिन की बारिश से अब फसल खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। बारिश से खेतों में पानी भर गया है और जमीन गीली होने से कटाई का कार्य भी रुक गया है। इससे किसानों को दोहरे नुकसान, उपज की गिरावट और बाजार भाव में कमी का डर सताने लगा है। बता दे कि जिले में खरीफ फसलों की कटाई का समय नजदीक आ चुका है। कहीं-कहीं सोयाबीन और मक्का की कटाई भी शुरू हो चुकी है। किसानों ने फसल काटकर खेतों में रखी है, जहां बारिश के कारण सोयाबीन के दाने दागी होने, फफूंद लगने और दाना काला होने जैसी स्थिति बन सकती है। वैसे भी इस बार अत्यधिक बारिश तथा पीला मोजेक रोग के कारण सोयाबीन का उत्पादन काफी प्रभावित होकर कम होना सामने आया है। अब जबकि सोयाबीन की कटाई का कार्य चल रहा है, इसी बीच एकाएक तेज बारिश का आना कटी फसल के लिए मुसीबत बन गया। किसानों का कहना है कि सोयाबीन की कटाई कर अभी फसल खेत में ही थी कि अचानक बारिश आने से कटी फसल को नुकसान पहुंचा है। कृषि जानकारों के अनुसार यदि और बारिश होती है तो कटी फसल को नुकसान होगा।

### बारिश ने बिगाड़ा फसल कटाई का समीकरण

किसानों का कहना है कि इस समय फसल कटाई का उपयुक्त समय था, लेकिन बारिश ने पूरा समीकरण बिगाड़ दिया। किसान विजय, त्रिलोक, किसन ने बताया पिछले दो-तीन दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश हो रही है। खेतों में पानी भर गया है, जिससे सोयाबीन फसल खराब हो रही है। फसल गीली होने से कटाई करने की स्थिति नहीं है और अगर मौसम ऐसे ही रहा तो दाने सडऩे लगेंगे। सोयाबीन उत्पादक किसानों ने बताया कि खेतों में खड़ी सोयाबीन की फल्लियों में नमी बनी हुई है, जिससे दाने का रंग काला पड़ सकता है और उसकी गुणवत्ता गिर रही है। किसानों ने बताया कि लगातार नमी और फिर अचानक धूप निकलने से जड़ सडऩ और पत्तियों के सिकुडऩे की समस्या सामने आ रही है। कई खेतों में पानी भर जाने से पौधे झुकने लगे हैं, जिससे आगे चलकर कटाई में कठिनाई आ सकती है।

### जिले में 1009 मिमी बारिश औसत से 3 इंच कम

वैसे तो 30 सितंबर तक बारिश का मौसम रहता है, लेकिन इस बार अक्टूबर में भी पानी बरस रहा है। जिले में अब तक लगभग 1030 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि औसत से 2 इंच कम है। पिछले एक सप्ताह पूर्व भी जिले के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई थी। जबकि गत वर्ष इस अवधि 1064.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। शनिवार को भी जिला मुख्यालय पर दोपहर में तेज बारिश हुई। जानकारी के अनुसार इस दौरान करीब 18 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश और हवा चलने से मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं रात का तापमान नीचे जाने का अनुमान है।

### कृषि विभाग ने जारी की अपील, किसान करे शिकायत

कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, वह फसल कटाई के 14 दिन बाद तक शिकायत दर्ज करा सकते है। कृषि विभाग का कहना है कि यदि फसल खेत में पड़ी है। सूख रही है और फसल खराब की स्थिति बनती है तो फसल कटाई के 14 दिन तक फसल बीमा का कवरेज कायम रहता है। किसान को ऐसा लगा रहा है कि फसल खराब हो रही है, फफूंद लग रही है या नुकसान की आशंका है तो वह अतिवृष्टि की शिकायत दर्ज करा सकता है। बता दे कि अभी तक 14063 किसानों ने सोयाबीन खराब होने की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें से 13250 शिकायते विभाग ने निराकृत कर दी है। वर्तमान की शिकायतों का भी विभाग निराकरण कर रहा है।

#### इनका कहना है

आज ही बारिश काफी तेज हुई है। आगे इस बात पर निर्भर करेगा कि मौसम कैसे रहता है। यदि मौसम खुल जाता है, तो बारिश का पानी सूख भी जायेगा। अगर फसल कटकर रखी है तो दाना दागी होने, फफूंद लगने जैसी स्थिति बन सकती है। आज बारिश की स्थिति को देखकर फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता है।

\- डॉ. आनंद बडोनिया,
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

### तेज बारिश से भिग रही फसल, किसानों की बढ़ी चिंता

*भैंसदेही। बारिश के कारण फसल कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों ने खेतों में फसलों को काटकर रखा है और ऐनवक्त पर बारिश आ गई। जो फसल के लिए आफत बन गई। यदि मौसम साफ नहीं होता है तो सोयाबीन के दागी होने, फफूंद लगने जैसी संभावनाएं बढ़ जायेगी और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। वैसे ही इस बार अत्यधिक बारिश तथा पीला मोजेक रोग के कारण सोयाबीन का उत्पादन काफी प्रभावित होकर कम होना सामने आया है। अब जबकि सोयाबीन की कटाई का कार्य चल रहा है, इसी बीच एकाएक तेज बारिश का आना कटी फसल के लिए मुसीबत बन गया। किसानों का कहना है कि सोयाबीन की कटाई कर अभी फसल खेत में ही थी कि अचानक बारिश आने से कटी फसल को नुकसान पहुंचा है। बता दे कि खेतों में फसलें लगभग तैयार हो चुकी है। कई क्षेत्रों में सोयाबीन कटाई का कार्य भी जारी है। लेकिन बारिश के कारण किसान फसलों की कटाई नहीं कर पा रहे है। जिससे रबी फसल की बुआई देरी से होगी, वहीं किसानों का कहना है कि खेतों में ज्यादा समय नमी रहने के कारण पौधों के सडऩे का भी खतरा है। मौसम साफ होने के साथ तेज धूप नहीं निकलती है, तो फसलें समय पर सूखेगी नहीं और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा।*

### बैतूल आशापुर फोरलेन कार्य पर की चर्चा

## केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिले जिले के भाजपा नेता



**भौंरा।** केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी अपने पारिवारिक व्यक्तिगत एक दिवसीय प्रवास पर बैतूल के ग्राम चुरना पहुंचे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं स्थानीय विधायक गंगा उइके ने स्वागत कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान बरेठाघाट को लेकर जनप्रतिनिधियों ने फारेस्ट की अनुमति न मिलने से कार्य में हो रही देरी को लेकर बताया तो श्री गडकरी ने एनएएचआई के अधिकारियों को फारेस्ट से अनुमति मिलते ही कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ बैतूल के जनप्रतिनिधियो द्वारा बैतूल आशापुर फोरलेन एवं बैतूल परतवाडा फोरलेन कार्य पर भी चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान श्रवण कुमार सिंह एनएचएआई आरओ मध्यप्रदेश एवं मनीष मीणा प्रोजेक्ट डायरेक्टर बैतूल हरदा , बैतूल ईटारसी उपस्थित रहे।

### गंदगी के कारण ग्रामीण परेशान

## नवापुर पंचायत में नहीं हुई दिवाली पर साफ-सफाई




**भैंसदेही।** ग्राम पंचायत नवापुर में दिवाली जैसे बड़े त्यौहार के बावजूद साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी रही। वहीं दूसरी ओर रामलीला का आयोजन भी किया जा रहा है, लेकिन सरपंच और सचिव सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पंचायत की उदासीनता से पूरे गांव में गंदगी फैलती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरपंच और सचिव से साफ-सफाई कराने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप गांव की सडक़ो और गलियों में गंदगी का अंबार लग गया है। बारिश के मौसम में कचरे पर पानी लगने से सड़ांध उठ रही है और ग्रामीणों को नाक पर रूमाल रखकर चलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा कचरा निपटान के लिए बनाए गए टांके भी कचरे से लबालब भरे हुए हैं। महाविद्यालय के पास कचरे के ढेरों से विद्यार्थियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नालियों की स्थिति भी बेहद खराब है। उनमें पॉलीथिन और कचरा भरा होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कई जगह तो नालियों में ही पानी की सप्लाई लाइनें डली हैं, जिससे घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही पंचायत द्वारा सफाई नहीं कराई गई तो गांव में मच्छर, मक्खी और दुर्गंध के कारण बीमारियां फैल सकती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### कांग्रेस ने लगाया आरोप: जनता को लूट रही सरकार

## 72 में सिर्फ 51 किमी बना फोरलेन, फिर भी वाहन चालकों से टोल वसूली है चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-ओबेदुल्लागंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे, जर्जर और खस्ताहाल सडक़ निर्माण के बावजूद टोल वसूली का सिलसिला जारी है। नियमों के विरुद्ध चल रही इस वसूली के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने मोर्चा खोल दिया। निलय डागा दोपहर 2 बजे केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को कुंडी टोल प्लाजा पर ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन उन्होंने ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया।

इस पर डागा ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि सच्चाई का सामना करने से डरते हैं गडकरी जी, क्योंकि ज्ञापन में सरकार की असलियत दर्ज है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता से धोखाधड़ी कर रही है। सडक़ निर्माण कार्य 70 प्रतिशत भी पूरा नहीं हुआ, फिर भी पूरा टोल टैक्स वसूला जा रहा है। टोल गाइडलाइन के अनुसार 60 किलोमीटर की दूरी के बाद ही वसूली का नियम है, लेकिन यहां 30 किलोमीटर के दायरे में दो-दो टोल प्लाजा बनाकर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जनता अधूरे रोड, गड्ढों और जाम से परेशान है, जबकि निजी कंपनियां और ठेकेदार सरकार की शह पर जनता की जेब खाली कर रहे हैं। निलय डागा ने कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी लूट का पुरजोर विरोध करेगी।



बैतूल से ओबेदुल्लागंज के बीच अधूरे फोरलेन पर वसूली बंद नहीं की गई तो आंदोलन को जिला स्तर से बढ़ाकर प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में विकास की बातें सिर्फ भाषणों में होती हैं, जमीनी सच्चाई यह है कि जनता परेशान है और सरकार आंख मूंदे बैठी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने बताया कि बैतूल-भोपाल हाईवे पर स्थित कुंडी टोल प्लाजा इस समय जनता के गुस्से और विरोध का केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि अधूरे फोरलेन निर्माण, गड्ढों से भरी सडक़ों और घटिया गुणवत्ता के बावजूद सरकार ने टोल वसूली शुरू कर दी है, जो जनता के साथ सीधा अन्याय है। निलय डागा ने बताया कि इस हाईवे का काम वर्षों से अधूरा पड़ा है, ठेकेदार कंपनी मनमर्जी चला रही है।

### अवैध कार्बाइड गन बेचने वाला युवक गिरफ्तार, तीन गन जब्त

**बैतूल।** पुलिस ने अवैध कार्बाइड गन बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। न्यू बैतूल ग्राउंड स्थित पटाखा बाजार में छापामार कार्रवाई के दौरान यह गिरफ्तारी हुई। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इफ्तेखार नाम का व्यक्ति समीर पटाखा दुकान के पास कार्बाइड गन बेच रहा है। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह धुर्वे के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी। मौके पर इफ्तेखार पिता इसामुद्दीन खान (35), निवासी आजाद वार्ड टिकारी बैतूल को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से ग्रे रंग की प्लास्टिक पाइप से बनी तीन कार्बाइड गन जब्त की गईं। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा के तहत केस दर्ज किया। बता दे कि कार्बाइड गन का चलन इस साल दीपावली से पहले तेजी से बढ़ा है। यह गन कैल्शियम कार्बाइड और पानी के रासायनिक मिश्रण से गैस बनाकर तेज ध्वनि उत्पन्न करती है, जो धमाके जैसी आवाज करती है।

### 100 लोगों की हुई जांच, 25 दिव्यांग चिन्हित

## भौंरा में दिव्यांग शिविर संपन्न, विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने किया शुभारंभ

**भौंरा।** ग्राम पंचायत भौंरा में शनिवार को दिव्यांग बच्चों और युवाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने किया। शिविर जिला कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भवन भौंरा में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों की पहचान, जांच और प्रमाणन प्रक्रिया को पूर्ण करना था। शिविर में कुल 100 लोगों ने भाग लिया, जिनकी विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सघन जांच की गई।

जांच के बाद 25 लोगो को दिव्यांग के रूप में चिन्हित किया गया, जिन्हें मौके पर ही डॉक्टरों द्वारा उनकी दिव्यांगता प्रतिशतता के आधार पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। चिकित्सकों की टीम में डॉ. रूपेश पदमाकर (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संजय खातरकर (मानसिक रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनोद (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. मीनाक्षी अंबूलकर (नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ) और डॉ. ममता सोने (सायक्लोविष्ट) शामिल रहीं। डॉक्टरों ने 25 पात्र दिव्यांगों की पहचान कर उनकी रिपोर्ट तैयार की और अभ्यर्थियों को आगे की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन दिया। प्रक्रिया के अनुसार, अब इन प्रमाण पत्रों को लेकर पात्र व्यक्ति ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करेंगे, जहाँ डॉक्टर द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र अपलोड किया जाएगा। सत्यापन के बाद ही उन्हें



यूटीआई नंबर सहित आधिकारिक दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ. रूपेश पदमाकर ने बताया कि शिविर में आए लोगों की विस्तृत जांच की गई। जिनमें वास्तविक रूप से दिव्यांग पाए गए, उन्हें प्रमाण पत्र देकर आगे की प्रक्रिया समझाई गई है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र व्यक्ति को सही प्रमाण पत्र मिले और वह शासन की योजनाओं का लाभ ले सके। विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों और सुविधाओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। ग्रामीण अंचलों में ऐसे शिविर जरूरतमंदों को योजनाओं से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिविर में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच महेंद्र सिरोठिया, जनपद पंचायत सदस्य सुधीर नायक आदि रहे मौजूद।

### रविवार को बालाजीपुरममें परिवार परिचर्चा

## टूटते परिवार और बिखरते समाज को सहेजने की पहल



**बैतूल।** वर्तमान समय में परिवार जिस तरह टूटन का शिकार हो रहे हैं उससे न सिर्फ समाज का बिखराव बढ़ रहा है बल्कि राष्ट्र की एकता-अखंडता भी प्रभावित हो रही है। परिवार की रीढ़ की हड्डी मानी जाने वाली गृहलक्ष्मी को सम्मान न मिलना भी इसकी एक बड़ी वजह है। वर्तमान समय में ऐसी गृहलक्ष्मी मिलना मुश्किल है जो सिर्फ अपने बच्चे और पति ही नहीं अपितु पूरे परिवार को साथ लेकर चलें और उन्हें सशक्त, समृध्द बनाने में मदद करें। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर एक सेमीनार का आयोजन भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में किया जा रहा है। इस संबंध में समाजसेवी सुनील व्दिवेदी ने बताया कि रविवार 26 अक्टूबर को बालाजीपुरम में परिवार परिचर्चा का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। इसमें सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख, मंदिर और धार्मिक संस्थानों के प्रमुख, स्कूल-कालेजों के प्रमुख और विभिन्न समाजों के प्रमुख शामिल होंगे और अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही भोपाल और नर्मदापुरम से वरिष्ठ वक्तागण भी आकर अपनी बात रखेंगे। इस बैठक में बालाजीपुरम व्दारा गृहलक्ष्मी को संस्कारित और सम्मानित करने के अभिनव अभियान पर विचार-विमर्श होगा।

### कचरा प्रबंधन में अनियमितताएं, तीन दिन में देना होगा जवाब

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नपा को जारी किया कारण बताओ नोटिस

### सीएमओ ने उपयंत्री और सहायक राजस्व निरीक्षक से भी मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मासोद रोड स्थित नगर पालिका की कचरा खंती में कचरा प्रबंधन के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद गंभीर अनियमितताएँ पाई गई हैं। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, छिंदवाड़ा के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी ने मुलताई कचरा खंती का निरीक्षण कर स्थिति को अत्यंत खराब पाया है। इस पर नगरपालिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा बोर्ड द्वारा जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 तथा वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत न्यायालय में प्रकरण दायर करने की चेतावनी दी गई है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस में उल्लेख है कि ठोस



अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का पालन नगर पालिका द्वारा नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नगर में कचरे का पृथक संग्रहण सुनियोजित तरीके से नहीं किया जा रहा कचरा खुले में, बिना किसी कवर्ड शेड के, इधर-उधर डंप किया जा रहा प्रसंस्करण स्थल पर स्थापित कंपोस्टिंग यूनिट और मशीनरी बंद अवस्था में मिली।

#### हरिभूमि की खबर का असर

*उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एसडीएम ने मुलताई कचरा खंती का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया था। इस संबंध में हरिभूमि द्वारा प्राथमिकता से समाचार प्रकाशित कर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। इस प्रकाशन के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाते हुए कचरा प्रबंधन में की जा रही अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई शुरू की है। माना जा रहा है कि कचरा प्रबंधन पर खर्च किए गए करोड़ों रुपये की भी जांच कराई जा सकती है।*

#### सीएमओ ने जिम्मेदार अधिकारियों को थमाया नोटिस

*बोर्ड द्वारा नोटिस जारी होने के बाद नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने उपयंत्री महेश त्रिवेदी और सहायक राजस्व निरीक्षक अमरलाल कवड़े को तीन दिनों के भीतर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो न्यायालयीन प्रकरण दर्ज होने की स्थिति में संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अधिकारियों की होगी।*

**संक्षेप खबर**

### कुरैशी बने मप्र मुस्लिम विकास के नगर अध्यक्ष

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर के मार्गदर्शन पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद अथर खान ने अमीन करैशी को माखन नगर का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं आशा व्यक्त की है कि आप मुस्लिम विकास परिषद एवं सामाजिक सरोकार के प्रति शैक्षणिक आर्थिक और सामाजिक कार्यों में पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करेंगे आमीन कुरैशी की नियुक्ति पर सामाजिक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### उत्पात मचाने वाले आरोपी को भेजा जेल

**माखन नगर।** ग्राम रजोंन के जगदीश उर्फ जीतू कीर् ने सलीम उर्फ पिद्दा की गाली गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसी बात को लेकर दूसरे दिन सलीम पिद्दा एवं राहुल उर्फ विष्णु कहार ने मंगलवार बाजार में गाली गुप्तार की एवं करने पर आमादा होकर उत्पाद मचाया टी आई मदन पवार ने बताया सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को अपनी अभि रक्षा में लेकर विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए धारा 170 बी एन एस एस मैं गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। पुलिस जांच कर रही है।

## समस्याओं को लेकर किसान संघ की बैठक का हुआ आयोजन

# सोयाबीन पंजीयन के शेष रहे किसानों का शीघ्र पंजीयन किया जाए: संघ

जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर शनिवार को किसान संघ की बैठक का आयोजन हुई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान किसान नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारतीय किसान संघ कि बैठक अनुविभागीय अधिकारी विजय राय के साथ किसानों के मुख्य मांगों को लेकर चर्चा कि गई जिसमें नहर विभाग, बिजली विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग शामिल हुए। बैठक में किसानों ने मांग रखी कि शासन प्रशासन ने अचानक एक आदेश जारी किया है कि समस्त किसान समाज अगर सोयाबीन एवं धान की पराली जलाते हैं तो एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं रकबे के आधार पर जुर्माना होगा क्या ये न्यायोचित है।

जबकि शासन प्रशासन को समय से पहले प्रत्येक किसान को अपने ट्रेक्टर की क्षमता अनुसार नरवाई प्रबंधन के लिए अधिक सब्सिडी पर उपकरण उपलब्ध कराना था तत्पश्चात अगर किसान कृषि अवषेषों में आग लगाता है तो प्रशासन कार्यवाही करे वरन किसान पारंपरिक व्यवस्था तो करेगा ही बैठक में चर्चा की गई कि किसानों को 90 परसेंट अनुदान पर कृषि यंत्री उपकरण सरलता से उपलब्ध कराए जाए जिससे पराली को नष्ट करने में किसानों को सुविधा हो सके। विगत दो माह से सिवनी मालवा एवं शिवपुर के रकबा एवं रबि सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त 10000 मैट्रिक टन डीएपी व 10000 मेट्रिक टन यूरिया खाद की मांग है जो आज तक पूरी नहीं हुई है शीघ्र पर्याप्त व्यवस्था की जावे। समितियों के माध्यम से ऋण खाते पर और नगद खाद भी दिया जाए टोकन व्यवस्था को पूर्ण रूप से बंद किया जाए। वर्ष 2025-26 सोयाबीन उपार्जन के पंजीयन कराए गए हैं उसमें बहुत से किसान शेष रहे गए हैं जिन्होंने पंजीयन नहीं करवा पाए हैं शीघ्र ही पंजीयन की साइट चालू की जाए। बिजली समस्याओं का लेकर उन्होने बात रखी कि सात दिन के अंदर अंदर सिवनी मालवा एवं शिवपुर के सभी कृषि फिटर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाए। तहसील मुख्यालय के सब स्टेशन पर 10 ट्रांसफार्मर हमेशा उपलब्ध रहे । ट्रांसफार्मर लाना ले जाना शासकीय वाहन के से किया जाएं एवं किसानों से आइल के पैसे नहीं लिए जाये। खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मर तत्काल बदले एवं अधिक भार वृद्धि की दशा में अतिरिक्त बड़े ट्रांसफार्मर लगाए जाये। कृषकों के ऊपर झूठे प्रकरण बनाए गए हैं उसे वापस लिए जाए एवं बिना किसान के हस्ताक्षर के किसी भी किसान का पंचनामा नहीं बनाया जावे। किसान की उपस्थिति में उसके मोटर पंप की भार वृद्धि की एक प्रति कृषक को दी जावे। बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश उपाध्यय, जगदीश पाटिल, सूरज बली जाट,मंगल सिंह राजपूत, शंकर सिंह पटेल,ब्रजकिशोर पटेल, गुलाब सिंह लौवंशी, राधा कृष्ण मालवीय, रामेश्वर जाट, अशोक रघुवंशी, अलताप लौवंशी, सोनू भदौरिया, नितेश भारद्वाज, पवन वडकुड, राकेश राठौर, रामकिशोर जाट, दीपक रघुवंशी पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं हुई कोई कार्रवाई

### जपं सीईओ बोले- पक्का अतिक्रमण राजस्व का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिछैडा में नदी किनारे मुख्य मार्ग पर लोगों ने पक्की दुकान बना ली है। लेकिन अभी तक पंचायत समिति सदस्य सचिव के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की है। वल्कि सरंक्षण दिया गया है। धीरे धीरे नदी के दोनों तरफ हरे-भरे खेत तालाब पंचायतमें नष्ट हो रहे हैं। अतिक्रमण पक्का हो रही है।बढ़ता जा रहा है।

गंदगी के ढेर लगे हैं। जगह-जगह कचरा जमा हो रहा है। पात्रों को आज तक पीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। पंचायत में अनेक स्थानों पर गड़बड़ी पाई जाती है। नल-जल योजना में शामिल हुए लोगो को लाभान्वित नहीं किया गया है। इस बारे में पंचायत सचिव गणेश प्रजापति से चर्चा की तो बताया की पुराने सरपंच सचिव रोजगार सहायक के कार्यकाल का अतिक्रमण पक्का किया गया है। पंचायत समिति ने नोटिस जारी किए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया से बात करना चाही तो उन्होंने बताया अतिक्रमण पक्का हटाने का काम राजस्व विभाग का है। वह अतिक्रमण पक्का हटाने में सक्षम नहीं है। ग्राम पंचायत के निवासी लोगो ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया जनपद पंचायत को वह लोग पहचानते ही नहीं है। bह कभी आते ही नहीं है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पेंशनर्स ने किया दीपावली मिलन समारोह का आयोजन माखन नगर शनिवार को एग्रो फार्म स्थित माता महाकाली मंदिर प्रांगण मेंपेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा माखननगर जिला नर्मदापुरम में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजयपाल सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ने की। कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियो ने विधायक विजयपाल सिंह का सम्मान किया कार्यक्रम में नगर के समाज सेवी संगठन गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सोहागपुर में बेटियों के लिए 'सुरक्षा कवच समारोह' आज

**सोहागपुर।** सोहागपुर में बेटियों के लिए 'सुरक्षा कवच समारोह' का आयोजन आज किया जाएगा। आयोजक सुरेश करिया से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 26 अक्टूबर को मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक यह आयोजन होगा। स्थानीय महारानी लक्ष्मी ग्राउंड एवं मंच पुराने थाने के पीछे यह आयोजन होगा। जिसमें बेटियों को सुरक्षा कवच वितरित किए जाएंगे। आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में जूनियर अमिताभ बच्चन उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लाफ्टर चैलेंज के हास्य कलाकार उदय दाहिया भी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजक सुरेश करिया ने समस्त नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

## सोहागपुर में छाई धुंध, जमे बादल, हुई बूंदाबांदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह हल्की धुंध के साथ शुरू हुई। इसके बाद सुबह लगभग आठ बजे से क्षेत्र में बादल छा गए एवं दिनभर बूंदाबांदी का माहौल रहा।

दिनभर मौसम में हल्की ठंडक और मामूली उमस का वातावरण बना रहा।

## एक स्कूल ऐसा भी जहां 87 विद्यार्थियों में 80 गोल, 7 मिले उपस्थित, प्राचार्य का पता नहीं

### प्राथमिक शाला में उपस्थित दो शिक्षक कर रहे थे अपनी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की रिछैडा में प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों की संख्या 87 है। लेकिन मौके पर कुल 7 ही मिले कक्षा 1 से 5 तक है। शिक्षकों से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राचार्य संध्या श्रीवास्तव ने 1 सितंबर से मेडिकल अवकाश लिया गया है। एक्सीडेंट हो गया था।

इसके अलावा एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका उपस्थित थे जो बच्चों को हमेशा की तरह पढ़ा रहे थे। आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका मौके पर उपस्थित थीं। कार्यकर्ता ने 11बजे ही आधे दिन का अवकाश का आवेदन दिया गया था। प्राथमिक शाला शहर के करीब होने पर भी कोई मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं। बच्चों को उचित लाभ नहीं दिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा था।

### बीआरसी बोले, देंगे नोटिस

इस बारे में वी आर सी प्रदीप शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह तक लगातार दीपावली का अवकाश घोषित होने से बच्चे पूर्ण रूप से उपस्थित नहीं रहे होंगे नोटिस जारी किए जाएंगे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष को पितृशोक



**सोहागपुर।** भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज एवं नगर परिषद सोहागपुर के कर्मचारी अपूर्व सरोज के पिताजी आरआरजेके सरोज का शनिवार दोपहर लंबी बीमारी के उपरांत निधन हो गया है। 86 वर्षीय स्वर्गीय सरोज सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी थे तथा लंबे समय से बीमारी का सामना कर रहे थे। सोहागपुर विप्र समाज के मार्गदर्शक स्वर्गीय आरआरजेके सरोज का अंतिम संस्कार शनिवार शाम शहर स्थित जमनी मुक्तिधाम पर किया गया। जहां उनके दोनों पुत्रों ने उन्हें मुखाग्नि प्रदान की। वहीं दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सोहागपुर में निजी बस ऑपरेटर्स का प्रशासन के नियम को ठेंगा, जहां-तहां हो रहा बसों का स्टॉपेज, नागरिक हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर क्षेत्र में निजी बसों के स्टॉपेज को लेकर गत दिनों प्रशासन ने निर्णय लिया था कि मात्र दो चिन्हित स्थलों पर बस स्टॉपेज होगा। लेकिन प्रशासनिक नियम को ठेंगा बताते हुए बस चालक स्टेट हाईवे पर मनमाने ढंग से बसों का रोक रहे हैं। शनिवार को देखने में आया कि निजी ऑपरेटर की सभी बसें नर्मदापुरम की ओर तथा पिपरिया की ओर के रास्तों पर जहां-तहां यात्रियों को उतारने एवं बिठाने के लिए रोकी गई। ये बसें ठीक स्टेट हाईवे पर रोक जाती हैं, जिनके कारण यातायात बाधित होता है। चूंकि सोहागपुर में स्टेट हाईवे आबादी के बीचोंबीच से गुजरता है। इसलिए स्टेट हाईवे पर बसों के रोकने के कारण दिनभर क्षणिक की ही सही, लेकिन नहीं यातायात की बाधा उत्पन्न होती ही रहती है। नागरिकों ने प्रशासन द्वारा निर्णय लेने, लेकिन उसके पालन न करा पने को लेकर स्थानीय प्रशासन के प्रति मजाकिया टिप्पणियां करना शुरू कर दिया है।

### यह था नियम

उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने यात्री बसों को शहर में दो स्थानों पर स्टापेज देने का निर्णय लिया था। निर्णय था कि नवीन बस स्टैंड पर दोनों ओर के रूट्स की बसें यात्रियों को बिठाने एवं उतारने के लिए रोकी जाएंगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस से लगे चौराहे पर भी दोनों ओर से आती जाती बसें रोकी जा सकती हैं।

इसके अलावा अन्य स्थान पर बस रोकने पर मनाही थी। लेकिन निर्णय लेने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ है। बसों का मनमाना स्टॉपेज शहर में दर्जन स्थानों पर जारी है। जिसे लेकर नागरिकों में राहत भी है और नाराजगी भी। उन नागरिकों को इस स्थिति में राहत है जो आए दिन बस यात्रा करते हैं। लेकिन उन नागरिकों में नाराजगी है, जो यातायात बाधा को लेकर चिंतित रहते हैं।

## सोहागपुर जपं में ग्रापं भटगांव ने जारी की नरवाई ना जलाने की सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र शासन के निर्देश अनुसार नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने नरवाई अथवा पराली ना जलाने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। जिसमें नरवाई या पराली जलाने पर संबंधित पर कार्रवाई के निर्देश तथा आदेश सम्मिलित हैं। साथ ही जिला प्रशासन ने नर्मदापुरम जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत को आदेशित किया है कि वे ग्रामों में मुनादी कराएं तथा सूचना चस्पा करें। जिसमें स्पष्ट संदेश हो कि नरवाई अथवा पराली ना जलाएं। लेकिन आदेश का पालन जपं क्षेत्र सोहागपुर में ग्राम पंचायतों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

### एक ग्रापं की सूचना


Sudhir thakur 2

~ purviyaanand +91 93403 64191
Photo

ग्राम पंचायत के सम्मानीय किसान बन्धुओं और नागरिकों सें विनम्र अपील हैं की जिला प्रशासन के शख्त आदेश प्राप्त हुये हैं की आने वाले समय में धान की कटाइ उपरांत उसकी नरवाई ( प्यार ) को न जलाएं क्योकी प्रदूषण सें बातावरण अत्यधिक दूषित हो रहा हैं,, और अगर किसी के अधिकार की नरवाई या धान के प्यार जलते हुये दिखा तो ग्राम पंचायत को उस खेत मालिक की नामजद शिकायत करने का आदेश प्राप्त हुआ हैं,,,, और ग्राम पंचायत पुनः ग्रामवासियों के सम्मुख प्रार्थना निवेदित करती हैं की इस तरह का दु:शाहस न करें जिससे हमें मजबूरी में नरवाई जलाने वाले की शिकायत करना पड़े,, शाशन का निर्णय, जनता के हित में, हमारा कर्तव्य, और आपका विवेक,, पूर्ण मनोभाव सें बिचार करें,,, आगे जिसकी जैसी मर्जी,,, हमारा काम अवगत कराने का हैं,,


आपकी
ग्राम पंचायत, भटगांव

22:17

शनिवार सुबह तक की स्थिति में एकमात्र भटगांव ग्रापं द्वारा ही उक्ताशय की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप पर जारी की गई है। भटगांव सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर की ओर से जारी इस सूचना में उल्लेख है कि नरवाई या पराली ना जलाएं। यदि ऐसी स्थिति पाई जाती है तो प्रशासन के निर्णय अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत भटगांव के इस आदेश की क्षेत्र में खासी चर्चा है। वहीं इस बात की भी चर्चा है कि शासन के आदेश के बाद भी अन्य ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता के लिए प्रयास नहीं किये जा रहे हैं व सोहागपुर जपं क्षेत्र में सन्नाटा छाया हुआ है। स्थानीय प्रशासन व पुलिस भी इस मामले को लेकर अधिक सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं।

## कांग्रेस में नहीं मिलता था अनुसूचित जाति वर्ग को स्थान, भाजपा ने दिया सम्मान: रवि नागले

**सीहोर।** नवनिर्मित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में अनुसूचित जाति वर्ग को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इस निर्णय को लेकर भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा लिए गए इस फैसले को पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया है। जिला महामंत्री श्री नागले ने कहा कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टियों ने हमेशा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का शोषण ही किया है वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करके भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता था राष्ट्रीय और प्रदेश कर्यकारिणी में जानबूझकर स्थान नहीं दिया जाता था। आज भाजपा ने प्रदेश कार्यकारिणी में अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं जनप्रतिनिधियों को स्थान देकर यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी ही अनुसूचित जाति वर्ग की सच्ची हितेषी है।

जिला महामंत्री श्री नागले ने कहा कि खंडेलवाल की नई कार्यकारिणी में जिस प्रकार टीम का गठन किया गया है और अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मान दिया गया है उस से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का मनोबल बढ़ रहा है और अनुसूचित जाति वर्ग का व्यक्ति अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही प्रदेश में अनुसूचित वर्ग में खुशी की लहर है अनुसूचित जाति वर्ग को लगातार भारतीय जनता पार्टी में सम्मान एवं अधिकार मिल रहे हैं वही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार में कई योजनाएं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बनी है इस वर्ग के पिछले लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही हैं।

## सिख समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**सीहोर।** प्रकाशोत्सव को लेकर सिख समाज ने गुरुवार सुबह प्रभात फेरी निकाली। श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए सवा घंटे में चार किलोमीटर पैदल चले। प्रभात फेरी सुबह 5 बजे गंगा आश्रम स्थित गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई। बंगला क्षेत्र, मेन रोड, अमर टॉकीज, लेबर कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी होते हुए सुबह 7.15 बजे फिर गुरुद्वारा साहिब पहुंची। रास्ते में कई जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। शुक्रवार को प्रभात फेरी दांगी स्टेट, गुलाब विहार, गुलाब पारस वाटिका फेस 1 और फेस 2 में जाएगी। इन इलाकों में तैयारियां की जा रही हैं। कई जगहों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।

## मुस्लिम महासंघ ने स्मृति चिन्ह भेंट कर पं. प्रदीप मिश्रा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच की प्रदेश अध्यक्ष समाज सेवी नौशाद खान ने मुस्लिम महासंघ के पदाधिकारी हाजी मुख्यातार पठान, जहीर खान के साथ शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, सीहोर जिला कलेक्टर बाला गुरु के, जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,एसडीएम तन्मय वर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाजसेवी निलेश राय को गुलदस्ता फूलमाला भेंटकर दीपावली धनतेरस भाई दूज महापर्व की बधाई शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने शिव पुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर पुष्प माला पहना कर सम्मान किया। पंडित श्री मिश्रा ने भी श्री खान का अंग वस्त्र बैठकर फूलमाला पहना सत्कार किया। जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और कलेक्टर बाला गुरु के द्वारा समाज सेवी श्री खान के द्वारा जनहित और सद्भावना एकता को लेकर किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।



### पुलिस जवान, सेवानिवृत्त फौजी, व्यापारी, निजी नौकरीपेशा युवा, किसान, नपा सफाईकर्मी शामिल

# ब्लड कैंसर से पीड़ित बेटी के लिए 200 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के निजी अस्पताल बघेल हास्पिटल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में पुलिस जवान, सेवानिवृत्त फौजी, व्यापारी, निजी नौकरीपेशा युवा, किसान, नगर पालिका के सफाईकर्मी और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर हरदा निवासी वैभव चंद्रवंशी की पत्नी शिवानी चंद्रवंशी के लिए आयोजित किया गया था, जो ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। शिवानी इंदौर के एक बड़े निजी अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उन्हें प्रतिदिन दो से अधिक बोतल रक्त की आवश्यकता है। परिजनों की अपील के बाद यह शिविर लगाया गया, जिसमें दोपहर तीन बजे तक 150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

#### रक्तदान महादान

सिविल लाइन थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल करण साहू ने बताया कि हरदा की एक बेटी को रक्त की जरूरत की जानकारी मिलने पर उन्होंने और उनके साथी विजय प्रजापति तथा ट्रैफिक थाने के यशदीप पटेल ने रक्तदान किया। भारतीय सेना से कैप्टन पद से सेवानिवृत्त आलोक पारे ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मनीष शर्मा ने रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ बताए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है और दिल की बीमारियों व स्ट्रोक का खतरा कम होता है। रक्त में आयरन की अधिक मात्रा दिल के दौरे का जोखिम बढ़ा सकती है, जिसे नियमित रक्तदान से नियंत्रित किया जा सकता है, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

### मुख्य बाजार घंटाघर चौक पर पार्किंग को लेकर विवाद, अवैध वसूली का आरोप लगाया

# पार्किंग की अवैध वसूली की शिकायत पर पहुंचे विधायक, बोले तत्काल रुकेगी वसूली





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार घंटाघर चौक पर पार्किंग को लेकर विवाद हो गया है। यहां के कुछ व्यापारियों ने नगर पालिका द्वारा नियुक्त पार्किंग ठेकेदार पर वाहन चालकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। व्यापारियों की शिकायत के बाद विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए अवैध वसूली को तत्काल रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएमओ को भी व्यवस्था में सुधार करने को कहा है। कपड़ा बाजार में वसूली को लेकर हुआ था विवाद दरअसल, शहर के कपड़ा बाजार क्षेत्र में हाल ही में ठेकेदार के एक कर्मचारी और एक व्यापारी के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हो गया था। कपड़ा बाजार क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों के सामने वाली सड़क पर वाहन पार्किंग का कोई ठेका नहीं हुआ है। इसके बावजूद, ठेकेदार के कर्मचारी यहां आने वाले लोगों और व्यापारियों से शुल्क वसूल रहे हैं, जिसे वे अवैध वसूली बता रहे हैं। व्यापारियों ने इसी संबंध में विधायक डॉ. दोगने से शिकायत की थी। विधायक ने हटवाए 'नो पार्किंग' बैनर विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने शिकायत मिलने के बाद ठेकेदार के कर्मचारियों को केवल निर्धारित क्षेत्र में ही शुल्क लेने के निर्देश दिए। उन्होंने उन क्षेत्रों से 'नो पार्किंग' के बैनर भी हटवाए, जिनका ठेका नहीं हुआ है, और व्यापारियों से आपसी सहमति से निर्णय लेने को कहा।

#### निर्धारित जगह पर ही लें शुल्क

विधायक ने स्पष्ट किया कि सराफा बाजार से नवीन बेकरी तक नगर पालिका ने पार्किंग निर्धारित की है, जहां नियमानुसार शुल्क लेने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन कपड़ा बाजार क्षेत्र में पार्किंग की नीलामी नहीं हुई है, इसलिए वहां अवैध वसूली नहीं होने दी जाएगी।

#### पार्किंग पर व्यापारियों की राय

बंटी घंटाघर क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को लेकर बाजार के व्यापारियों में अलग-अलग मत हैं। सराफा क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी दुकानों के सामने बनी पार्किंग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि वाहनों के व्यवस्थित होने से ग्राहकों को सुविधा मिलती है। वहीं, कपड़ा बाजार क्षेत्र के अनूप जैन का कहना है कि नगर पालिका ने यहां पार्किंग नहीं बनाई है, फिर भी व्यापारियों से रोजाना राशि वसूली जा रही है। इस मामले पर सीएमओ कमलेश पाटीदार का कहना है कि पार्किंग का ठेका व्यापारी संघ की मांग पर ही दिया गया था। उन्होंने बताया कि व्यापारी संघ ने मासिक शुल्क देने पर सहमति जताई थी।



### अवैध वसूली के आरोप में टिमरनी पुलिस ने किए 3 आरोपी गिरफ्तार

*__रहटगांव__। टिमरनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को राहगीरों से अवैध वसूली करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी कच्चा बायपास रोड पर एक काले रंग की बलिनो कार खड़ी कर लोगों से जबरन पैसे वसूल रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें पकड़ा।टिमरनी थाना टीआई मुकेश गौड़ ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि कच्चा बायपास रोड पर एक काले रंग की बलिनो कार बीच सड़क पर खड़ी है और उसमें सवार लोग राहगीरों से अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हरदा निवासी सुतीर्थ पाठक, अमित पवार और सुभाष ठाकरे को पकड़ लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। घटना में प्रयुक्त काले रंग की बलिनो कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से दो भोपाल में निजी नौकरी करते हैं, जबकि एक ड्राइविंग का काम करता है।*

### पुलिस जांच कर रही

# 22 साल के युवक का कुए में शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम नहाली में शुक्रवार शाम एक 22 वर्षीय युवक का शव कुएं में मिला। पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए खिरकिया भिजवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या हत्या। सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि शव की पहचान रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खमगांव निवासी रामकृष्ण पिता राधेश्याम चौहान (22) के रूप में हुई है। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार, रामकृष्ण भाईदूज की पूजा के लिए अपनी बहन के घर नहाली आया था। यहां गांव के चार युवकों से उसका विवाद हो गया था।

विवाद के बाद मृतक का जीजा जयसिंह उसे अपने साथ खेत में बने टप्पर पर ले गया था। रात में भी उन्हीं चारों युवकों ने वहां आकर झगड़ा किया। इस दौरान संदीप नामक युवक ने धमकी दी कि जीजा के जाने के बाद वे सभी आकर रामकृष्ण को मारेंगे। इसके बाद से ही रामकृष्ण गायब था। युवक की तलाश करने पर शुक्रवार शाम को गांव के पास गोलू सेठ खिरकिया वालों के खेत में बने कुएं के पास उसकी चप्पलें मिलीं। पास जाकर देखने पर युवक का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर एसडीईआरएफ के जवानों ने शव को कुएं से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि यह झगड़ा मामूली बातों को लेकर हुआ था। पुलिस झगड़ा करने वाले युवकों की तलाश कर रही है।

### जीवनदायिनी है सीवन, इस तरह न करें प्रदूषित



**सीहोर**। इस बार बरसात के बाद सीवन नदी लबालब भर गई थी। नदी का गहरीकरण कराया गया था। इससे पानी स्टोर करने की क्षमता बढ़ी। चद्दर पुल के मोहरे बंद करने के बाद महिला घाट तक नदी भर गई। लेकिन अब नदी में लोग पूजन सामग्री और अन्य चीजें पॉलीथिन में डाल रहे हैं। इससे पानी की सतह पर कचरा तैरने लगा है। पानी दूषित हो रहा है। समय रहते सफाई नहीं हुई तो पूरा पानी खराब हो सकता है। टाउन हाल के पास विसर्जन कुंड में भी

### नेहरू स्टेडीयम हरदा में आयोजित किया गया ट्रायल

# अंडर 15 क्रिकेट टीम का चयन के लिए 47 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल, 30 चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला क्रिकेट एसोशियेशन की आगामी संभाग स्तरीय टूर्नामेंट के लिए अंडर 15 क्रिकेट टीम का चयन हेतु ट्रायल स्थानीय नेहरू स्टेडीयम हरदा में आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के समस्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टोटल 47 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। जिसमें से 30 खिलाड़ियों का केम्प हेतु चयन किया गया। इन्हीं में से जिले की टीम चयनित की जाएगी। ट्रायल के दौरान राजेश तिवारी रामविलास जाट, राजेश बिलिया, बाबा भाई, रणजीत विश्नोई, चन्दन सांगूले, मेहमूद कुरैशी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें है।

# ऑटो पलटने से 10 घायल दो लोगों की हालत गंभीर



**बुधनी**। नेशनल हाइवे-46 पर गुरुवार शाम लगभग 6:30 बजे बगबाड़ा टोल प्लाजा के पास एक ऑटो हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि बुधनी से बरेली जा रहा यह ऑटो सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए। घायलों में कृष्ण मेहरा (11), रामनारायण (35) निवासी बकतरा, रुद्र (4), देव (8), मान्य (5) और भास्कर (6) सभी निवासी बरेली शामिल हैं। इनमें से रामनारायण और रुद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज बुधनी सिविल अस्पताल में जारी है।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कियाऔर घायलों को बाहर निकालकर एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस सेवा की मदद से सिविल अस्पताल बुधनी भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है।

### राष्ट्रीय बालरंग भोपाल में 5 दिसंबर को

**सीहोर**। भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग-2025 इस वर्ष 5 दिसम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित होगा। आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर संचालक डीएस कुशवाह की अध्यक्षता में गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालरंग में 20 से अधिक राज्यों के स्कूल के विद्यार्थी अपने राज्यों की लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। बालरंग में 500 से अधिक विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। इसी के साथ बालरंग में 5 हजार विद्यार्थी सहभागिता कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की

### दो बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चलाः फूड पॉइजनिंग की आशंका, डॉक्टर्स बोले- पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताएगी सच

सीहोर। जिले में पांच दिन पहले हुई दो बच्चों की मौत का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि बच्चों की मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा। प्रथम दृष्टया इन मौतों का कारण फूड पॉइजनिंग माना जा रहा है। दरअसल ग्राम कचनारिया में 20 अक्टूबर को दो बच्चों की मृत्यु हुई थी। सूचना मिलते ही विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. बी.के. डोहर और एक स्वास्थ्य दल ने गांव का दौरा किया। मृतक बच्चों के परिवार के अलावा अन्य कोई और मामला सामने नहीं आया।

### कलेक्टर ने किया मंडी का निरीक्षण, बोले सभी को मिले योजना का लाभ

# भावांतर योजना के तहत सभी मंडियों में सोयाबीन की खरीदी का कार्य प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकार की भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत शुक्रवार से जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन खरीदी कार्य प्रारंभ हो गया। खरीदी प्रक्रिया की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर भैरूंदा, गोपालपुर एवं लाड़कुई कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने मंडी परिसर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया देखी। उन्होंने एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने मंडी प्रबंधक, राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र किसान भावांतर योजना के लाभ से वंचित न रहे। यदि किसी किसान को खरीदी कार्य से संबंधित कोई समस्या या शिकायत हो, तो उसका तत्काल और प्रभावी निराकरण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपज तौल, पंजीयन, परिवहन, गुणवत्ता परीक्षण एवं भुगतान व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य में पूर्ण पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर उनका हक मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मंडियों में पेयजल, विश्राम स्थल, तौल मशीन, परिवहन और सुरक्षा की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। खरीदी कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी मंडियों में राजस्व, कृषि और सहकारी विभाग के अधिकारी निरंतर निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि सोयाबीन खरीदी की प्रक्रिया सुगमता, पारदर्शिता और किसान हित में संचालित की जा सके। निरीक्षण के दौरान इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।